# कार्यालय संचालक
# खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
# संचालनालय, ब्लॉक–2

तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, (छ.ग.)

**(Telephone-0771-2511974, e-mail-_dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in/)**

---

क्रमांक 11 / संचा–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 28 / 11 / 2025

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
   छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पो.,
   नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

2. **कलेक्टर,**
   जिला– दुर्ग,
   छत्तीसगढ़

**विषय– विधानसभा प्रश्न कमांक 88 अतारांकित द्वारा श्री ललित चंद्राकर, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त **विधानसभा प्रश्न कमांक 88 अतारांकित** की प्रति संलग्न है।

**उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट'** में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोड फॉन्ट में) **दिनांक 03.12.2025 तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in)** के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उप.संरक्षण
संचालनालय, नवा रायपुर

पृ. क्रमांक 12/ संचा–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 28 / 11 / 2025

**प्रतिलिपिः–**

खाद्य नियंत्रक, जिला– दुर्ग, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उप.संरक्षण
संचालनालय, नवा रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **09/12/2025**

वर्ग : 2 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **16/12/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **दुर्ग जिले में खाद्यान्न भंडारण एवं नवीन राशन कार्ड जारी किया जाना**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **88** ) **श्रीललित चंद्राकर**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कितने खाद्यान्न भंडारण हेतु पर्याप्त गोदाम या वेयरहाउस हैं? खाद्यान्न में नमी या कीट लगने की कितने शिकायतें प्राप्त हुई हैं? पिछले दो वर्षों में भंडारण या परिवहन के दौरान खाद्यान्न की बर्बादी या गुम होने के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं और विभाग ने उन पर क्या-क्या कार्रवाई, कब कब की गई है? जानकारी दें। (ख) प्रश्नांक 'क' अनुसार राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों की पहचान हेतु कोई सर्वेक्षण या विशेष अभियान हाल के वर्षों में चलाया गया है अथवा नहीं? राशन कार्ड में नाम जोड़ने अथवा सुधार हेतु कितने आवेदन लंबित है? कितने राशन कार्ड ऐसे हैं जिनमें आधार सीडिंग अपूर्ण है ग्रामवार सूची दें। इस प्रक्रिया में क्या-क्या तकनीकी समस्या है? (ग) प्रश्नांक 'ख' अनुसार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कितने लाभार्थियों के कार्ड तकनीकी त्रुटियों के कारण निष्क्रिय हैं ? क्या उचित मूल्य दुकानों के चयन या नवीनीकरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कोई थर्ड-पार्टी ऑडिट प्रणाली अपनाई गई है? डुप्लीकेट बेनीफिसरी एलीमिनेशन प्रोग्राम तहत क्षेत्र में कितने कार्ड रद्द किए गए और कितने गलत तरीके से हटाए पाए गए? अन्य जिलों से आए प्रवासी श्रमिकों को खाद्यान्न प्राप्त करने में क्या कोई तकनीकी कठिनाइयाँ हैं?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 28/11/2025 10:47:42 |

**Remark :**

SWC
कले. दुर्ग